**समाचार** विज्ञप्ति

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में निवेश

03 मई, 2024 मीडिया पूछताछ

## अल्बर्टा सरकार अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम का विस्तार करने और अल्बर्टा में महिला स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए $26 मिलियन का निवेश कर रही है।

जैसे अल्बर्टा सरकार सभी अल्बर्टा वासियों के लिए स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के लिए प्रयास जारी रखे रही है, इन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण केंद्र महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य और कल्याण है। अल्बर्टा की सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं के स्वास्थ्य में अनुसंधान, पक्षपोषण और नैदानिक देखभाल के लिए वित्त पोषण बढ़ा रही है।

बजट 2024 के माध्यम से, अल्बर्टा की सरकार महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को समझने और उनका समाधान करने में लंबे समय से चली आ रही कमियों को दूर करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अनुसंधान को क्रियान्वित करने में दो संगठनों को समर्थन देने के लिए दो वर्षों में 20 मिलियन डॉलर देने के अपने चुनावी वादे को पूरा कर रही है।

“स्वस्थ परिवार स्वस्थ समुदायों की नींव हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य और नवजात शिशु की जांच में निवेश का मतलब बेहतर परिणाम और अधिक मानसिक शांति है। हम विशेषज्ञों को स्वास्थ्य संबंधी अधिक समस्याओं से शीघ्र निपटने के लिए उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं, और यह परिवारों तथा हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए वर्तमान और भविष्य में भी महत्वपूर्ण है।”

*डेनियल स्मिथ, प्रीमियर*

“प्रीमियर ने मुझे अल्बर्टा में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है। हमारा लक्ष्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अनुसंधान में अग्रणी बने रहना है। ये निवेश महिलाओं को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने में वास्तविक अंतर लाएंगे कि प्रत्येक अल्बर्टा वासी फल फूल सके, चाहे उनकी उम्र या जीवन का कोई भी चरण हो।"

*एड्रियाना लाग्रेंज, स्वास्थ्य मंत्री*

वर्गीकरण: सार्वजनिक

$20 मिलियन के निवेश में दो वर्षों में $10 मिलियन डॉलर की राशि शामिल है, जिसका उपयोग सर्विकल कैंसर, हृदय रोग और अन्य सामान्य महिला स्वास्थ्य स्थितियों पर अनुसंधान को समर्थन देने के लिए अल्बर्टा विमिनज़ हेल्थ फाउंडेशन लिगेसी ग्रांट बनाने के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वित्तपोषण से प्रांत में सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ताओं की भर्ती करने तथा पक्षपोषण और जागरूकता प्रयासों को समर्थन देने में मदद मिलेगी।

कैलगरी हेल्थ फाउंडेशन 25 वर्षों से अधिक समय से स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अनुसंधान के माध्यम से सहायता प्रदान करते हुए बड़े कैलगरी समुदाय की सेवा कर रही है। फाउंडेशन को अगले दो वर्षों में कैंसर अनुसंधान को वित्तपोषित करने वाले कार्यक्रमों के साथ ही कैलगरी में त्वरित पहुंच क्लिनिक और पेल्विक फ्लोर स्वास्थ्य परियोजनाओं के विकास जैसी पहलों के लिए $10 मिलियन की मैचिंग निधि भी मिलेगी। ये पहलें अल्बर्टा की लाखों महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और प्रगति को बढ़ावा देंगी।

**अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम**

हर वर्ष, अल्बर्टा में कुछ बच्चे पाचन संबंधी (metabolic) विकारों के साथ पैदा होते हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं या यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। इन विकारों का शीघ्र पता लगाना और उपचार स्वस्थ विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इससे शिशु मृत्यु दर और रुग्णता दर में महत्वपूर्ण ढंग से कमी आ सकती है।

एक व्यापक और प्रभावी नवजात जांच कार्यक्रम शिशुओं और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य, उपचार और सहायता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम वर्तमान में 22 अवस्थाओं की जांच करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी जांच किए गए शिशुओं, जिनको उपचार योग्य अवस्थाओं में से एक हो, को नैदानिक मूल्यांकन, निदान परीक्षण और यदि आवश्यक हो तो शीघ्र उपचार मिले।

बजट 2024 के माध्यम से, अल्बर्टा सरकार चार अतिरिक्त अवस्थाओं को शामिल करने के लिए $6 मिलियन का निवेश करके अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम को बढ़ाएगी, जिससे कुल संख्या 26 हो जाएगी, जो एक और चुनावी वादा पूरा करेगा। चार नई अवस्थाएं हैं: जन्मजात साइटोमेगालोवायरस, आर्जिनिनोसुकसिनिक एसिड्यूरिया, ग्वानिडिनोएसीटेट मेथिलट्रांसफरेज़ की कमी और म्यूकोपॉलीसेकेराइडोसिस टाइप 1। इस विस्तार से वर्तमान कार्यक्रम कैनेडा में सबसे व्यापक कार्यक्रमों में से एक बन जाएगा और अल्बर्टा इन चार अवस्थाओं की जांच करने वाला पहला प्रांत बन जाएगा, जिससे शिशु जीवित रहने की दर में सुधार होगा।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में, अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम ने अल्बर्टा में जन्मे 99.2 प्रतिशत शिशुओं की सफलतापूर्वक स्क्रीनिंग की और 10 दिनों के भीतर उन में से 98.95 प्रतिशत शिशुओं के लिए स्क्रीनिंग परिणामों की सूचना दी।
  - समग्र प्रोग्राम भागीदारी पिछले वित्तीय वर्ष (99.27 प्रतिशत) के अनुरूप है।
- चार नई स्क्रीनिंग अवस्थाओं में शामिल हैं:
  - **जन्मजात साइटोमेगालोवायरस (congenital cytomegalovirus):** जन्मजात साइटोमेगालोवायरस (CMV) एक ऐसी अवस्था है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें सुनने की क्षमता में कमी, दृष्टि दोष, बौद्धिक विकलांगता और विकासात्मक विलंब शामिल हैं।
  - **आर्जिनिनोसुकसिनिक एसिड्यूरिया (argininosuccinic aciduria):** आर्जिनिनोसुकसिनिक एसिड्यूरिया एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जिसके लक्षणों में खराब फीडिंग, उल्टियां, सुस्ती, विकासात्मक विलंब, दौरे और कोमा शामिल हो सकते हैं। उपचार में अक्सर अमोनिया के स्तर को नियंत्रित करने के लिए विशेष आहार और दवाएं शामिल होती हैं।
  - **ग्वानिडीनोएसीटेट मेथिलट्रांसफरेज़ की कमी (guanidinoacetate methyltransferase deficiency):** ग्वानिडीनोएसीटेट मेथिलट्रांसफरेज़ की कमी एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है, जो विकासात्मक विकासात्मक विलंबों, दौरों और अन्य समस्याओं का कारण बन सकता है।
  - **म्यूकोपॉलीसेकेराइडोसिस टाइप 1 (mucopolysaccharidosis type 1):** म्यूकोपॉलीसेकेराइडोसिस टाइप 1 (MPS I) एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो कंकाल संबंधी असामान्यताओं, अंग वृद्धि, हृदय और श्वसन संबंधी समस्याओं, विकासात्मक बिलंबों, बौद्धिक विकलांगता और दृष्टि और श्रवण हानि का कारण बन सकता है।

**सम्बंधित लिंक**

- प्रीमियर डेनियल स्मिथ का 2023 का जनादेश पत्र (18 जुलाई 2023 को जारी)
- अल्बर्टा न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्राम
- कैलगरी हेल्थ्य फाउंडेशन
- अल्बर्टा विमिनज़ हेल्थ फाउंडेशन

# मीडिया पूछताछ

## सैम ब्लैकेट (Sam Blackett)

587-589-6048
प्रेस सचिव, ऑफिस ऑफ द प्रीमियर

## एंड्रिया स्मिथ (Andrea Smith)

780-918-4284
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य